विवरण—II

आठवीं योजना (1996-97) के लिए प्रमुख फसलों के अखिल भारतीय लक्ष्य

फसल	क्षेत्र (मिलियन है)	उत्पादन (मिलियन टन)	पैदावार (कि॰ ग्रा॰/है॰)
1. चावल	43.50	88.00	2027
2. गेहूं	24.25	66.00	2722
3. मोटा अनाज	37.75	39.00	1033
4. दालें	24.50	17.00	694
5. सभी खाद्यान्न	130.00	210.00	1615
6. तिलहन	24.5	23.0	939
7. गन्ना	3.90	275.00	70513
8. कपास	7.50	14.00*	317
9. पटसन और मेस्ता	1.00	9.50**	1710
10. अन्य फसलें	23.70		
11. सभी सफलें	190.60		

* प्रत्येक 170 कि॰ ग्रा॰ की मिलियन गांठें

** प्रत्येक 180 कि॰ ग्रा॰ की मिलियन गांठें

दिल्ली में भूमिगत रेलवे परियोजना

3220. **प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली में इस समय भूमिगत रेलवे परियोजना किस स्थिति में है;

(ख) इस परियोजना पर अनुमानतः कितना व्यय होगा; और

(ग) इस परियोजना पर कार्य कब तक आरंभ होगा तथा इसके कब तक पूरा होने की संभावना है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) कार्य आबंटन नियम- 1986 के अनुसार व्यापक द्रुत पाश्वहन प्रणाली दिल्ली का कार्य शहरी मामले और रोजगार मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। भारत सरकार दिल्ली के लिए व्यापक द्रुत परिवहन प्रणाली को सिद्धांत रूप से जुलाई, 1994 में अनुमोदित कर दिया है और शहरी मामले और रोजगार मंत्रालय, द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के परामर्श से अंतिम निवेश का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध पहले में पूरी की जा चुकी कार्रवाईयां है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकार के माध्यम से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करना परियोजना की, पर्यावरण प्रभाव निर्धारण अध्ययन रिपोर्ट तथा विस्तृत वित्तीय/आर्थिक लागत लाभ विश्लेषण तैयार करना, ओ ई सी एफ (जापान) के समक्ष परियोजना के लिए सरल ऋण सहायता उपलब्ध कराने के लिए परियोजना के कार्यान्वयन हेतु दिल्ली सरकार की भागीदारी के कम्पनी अधिनियम के अंतर्गत कम्पनी पंजीकृत कराना, और इस परियोजना के कार्यान्वयन से संबंधित सभी मामलों को सरल बनाने और इनकी निगरानी करने के लिए मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता में अधिकार प्राप्त समिति का गठन करने के लिए अनुमोदन प्राप्त करना/ओ ई सी एफ (जापान) ने भी हाल ही में स्वतंत्र रूप से परियोजना का तकनीकी-आर्थिक मूल्यांकन किया है और यह पाया है कि यह परियोजना ओ ई सी एफ (जापान) की सहायता के लिए स्वीकार्य होगी। बहरहाल, इस परियोजना के लिए ऋण सहायता स्वीकृत करने से संबंधित उनके निर्णय को, शहरी मामले और रोजगार मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार के अंतिम निवेश के अनुमोदन की प्रतीक्षा है।

(ख) परियोजना की कुल अनुमानित लागत 4182 करोड़ रुपये है।

(ग) परियोजना को पूरा करने का समय, उसके शुरू होने की तारीख से 10 वर्ष है।

ओपन स्कूल में घपला

3221. **श्री नागमणि:**
श्री कनकसिंह मोहन सिंह मंगरोला:

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ओपन स्कूल में हुए घपले के संबंध में जिसकी केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच की जा रही थी, उसकी रिपोर्ट मिल गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है तथा इस संबंध में दोषी पाए गए अधिकारियों और उन्हें दंड दिए जाने के संबंध में ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुद्दी राम सैकिया): (क) और (ख) राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय के मामले में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में केन्द्रिय अन्वेषण ब्यूरो (सी०बी०आई०) ने स्वयं द्वारा शुरू की गई जांच/अन्वेषण की अपनी अंतिम रिपोर्ट अभी तक प्रस्तुत नहीं की है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

मंत्री के कार्यालय में फर्नीचर की आपूर्ति

3222. **श्री कनक सिंह मोहन सिंह मंगरोला:** क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उर्वरक विभाग, मंत्री जी के कार्यालय में फर्नीचर एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति करता है;

(ख) यदि हां तो गत पांच वर्षों के दौरान मंत्री-वार कितने मूल्य के सामान की आपूर्त की गई तथा कितने मूल्य का सामान वापस हुआ है;

(ग) क्या यह सच है कि कुछ सामान वापस हुए हैं परन्तु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिली भगत के सामान गायब कर दिए गए हैं;

(घ) यदि हां, तो क्या पूर्व मंत्री जी के आपूर्तित सामान एवं वापस किए गए सामान के संबंध में मंत्रालय के अधिकारियों की भूमिका की जांच की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शीश राम ओला): (क) जी, हां।

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान मंत्री-वार आपूर्ति की गई मदों तथा वापस प्राप्त हुई मदों की लागत का ब्यौरा इस प्रकार है:—

क्रम० सं०	मंत्री का नाम अवधि	मदों की लागत आपूर्ति किया गया	वापस प्राप्त	बकाया
1.	श्री चिन्ता मोहन, राज्य मंत्री जुलाई, 91 से 17.1.93 तक	45,000	45,000	—
2.	श्री एडुवर्डो फलेरो, राज्य मंत्री 18.1.93 से मई, 96 तक	6,23,331	5,44,903	78,428
3.	श्री राम लखन सिंह यादव, मंत्री फरवरी, 94 से मई, 96 तक	15,79175	14,92,540	86,635

(ग) से (ड़) कुछ फर्नीचर तथा बिजली का सामान टूटी हुई हालत में प्राप्त हुआ है। ऐसी कोई सूचना नहीं है कि अधिकारियों तथा कर्मचारियों की मिलीभगत से सामान गायब किए जा रहे हैं। विभाग के अधिकारियों की भूमिका की जांच करने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता।

Filling-up of Reserved Posts

3223. SHRI MOHINDAR SINGH KALYAN: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the reserved posts meant for Scheduled Caste/